# कट्टे की नोक पर ड्रायवर का अपहरण कर लूट ले गए ट्रेलर समेत 33 टन सरिया : घटना के चंद घंटों के भीतर हथियार समेत पकड़े गए चार आरोपी

**❑ चक्रधरनगर पुलिस की मुस्तैदी पर आरोपियों से ट्रेलर समेत सरिया, 1 देशी कट्टा, 2 बाइक, मोबाइल व लोहे के रॉड जब्त**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा लूटपाट के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए चंद घंटों में लूटपाट के आरोपियों को लूट की पूरी मशरूका व हथियार समेत गिरफ्तार किया गया है।

दिनांक 01-02/10.2022 की दरम्यानी रात्रि एमएसपी फैक्ट्री पार्किंग पर ट्रेलर के भीतर सो रहे ड्रायवर पर चार अज्ञात आरोपी देशी कट्टा अडाकर, मारते पीटते हुए ट्रेलर में लोड 33 टन सरिया (छड़) समेत ट्रेलर लूटकर खरसिया-रायगढ़ हाईवे की ओर भागे और जहां कुछ आरोपी ड्रायवर को बंधक रख ट्रेलर से 44 क्विंटल सरिया को अन्यत्र स्थान में डम्प कर घटना किसी को नहीं बताने की धमकी देकर वाहन चालक को छोड़ दिये। मामले की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल जिले से बारह आने-जाने वाले सभी मार्गों में नाकेबंदी कर अपने सक्रिय सूचनातंत्र के जरिये अपहरणकर्ता का पता लगाये और एक बड़ी लूट की घटना को सफलतापूर्वक चंद घंटों के भीतर पटाक्षेप कर आरोपियों से लूट के पूरी मशरूका, घटना में प्रयुक्त हथियार, बाइक, रॉड, मोबाइल की जप्ती कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के पीड़ित ट्रेलर ड्रायवर राजकुमार सोनी पिता बालकृष्ण सोनी उम्र 45 वर्ष निवासी कगोड थाना रामनगर जिला उधमपुर (जम्मू कश्मीर) बताया कि 22-23 साल से वाहन चला रहा है। वर्ष 2015 से रायगढ आकर जेबीआर ट्रांसपोर्ट गोरखा में ट्रेलर चला रहा है। दिनांक 01/10/2022 को ट्रांसपोर्ट के ट्रेलर क्रं. सीजी 13 एल. ए. 3079 में एमएसपी फैक्ट्री जामगांव से 33 टन सरिया (छड) 25 एमएम का लोड करवाकर शाम करीब 07:00 बजे फैक्ट्री से निकला और फैक्ट्री के पास पार्किंग में गाड़ी खडी कर रात को खाना खाकर गाडी के कबिन में सोया था। रात्रि करीब 10:30-11:00 बजे के बीच ट्रेलर के दोनो गेट में 2-2 व्यक्ति चढ़कर इसे डराने-धमकाने लगे जिसमें से एक व्यक्ति देशी कट्टा कनपट्टी में अडाकर डराया गाड़ी को सरिया समेत लूटकर ले जाने की धमकी दिया और चारों मारते-पीटते गाड़ी चलाने को कहने पर गाड़ी चलाते हुए हाईवे की ओर आगे बढा। आरोपियों द्वारा गाड़ी का GPS तोड दिये, मोबाइल भी छिन लिये थे।



ट्रेलर के पीछे-पीछे 2 मोटर सायकल में आरोपीगण आ रहे थे। कोतरारोड रेल्वे कासिग के आगे ट्रेलर से उतार दिये और आरोपियों में से एक व्यक्ति ट्रेलर चलाते हुए सरिया लोड़ ट्रेलर को आगे लेकर गया। काफी देर बाद जोरापाली मेनरोड में ट्रेलर लेकर आये जहां इसे बंधक रखे थे। सुबह भोर में आरोपियों ने घटना किसी को नहीं बताने की धमकी देकर मोबाइल लूटकर भाग गये। गाडी को देखने पर माल कम लगा तो गाड़ी मालिक को बताया। गाड़ी मालिक आकर गाड़ी को कांटा (वजन) कराने पर 44 क्विंटल सरिया (छड़) कीमत 3,50,000 रूपये का कम था जिसे अज्ञात बंदुकधारी लूट कर भाग गये थे।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर चक्रधरनगर टीआई शनिप रात्रे द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले में नाकेबंदी कराकर अपने मुखबिर से जानकारी लिया जा रहा था तभी मुखबीर से सूचना मिला कि एक संदिग्ध विशाल गिरी हाल निवास किरोड़ीमलनगर को उसके तीन साथियों के साथ MSP जामगांव की ओर रात के समय देखा गया है, सूचना पर तत्काल टीआई चक्रधरनगर एवं स्टाफ की टीमें अलग-अलग स्थानों में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रवाना हुई। पुलिस की टीमें किरोड़ीमल, सक्ती, जामगांव में आरोपियों के मिलने के ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी विशाल गिरी, तूफान साहू, लोकेश चक्रधारी और बबलू यादव को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से कड़ी पूछताछ पर एक साथ मिलकर रात्रि घटना को अंजाम देना स्वीकार किये। आरोपी विशाल गिरी के मेमोरेंडम पर एक देशी कट्टा, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल और मोबाइल, आरोपी लोकेश चक्रधारी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, मोबाइल और लूटा हुआ सरिया 44 क्विंटल सरिया (छड़) कीमत 3,50,000 रूपये, आरोपी तूफान साहू से एक लोहे का रॉड, मोबाइल और ड्रायवर राजकुमार सोनी का लूटा हुआ मोबाइल, आरोपी बबलू यादव से एक लोहे का रॉड, मोबाइल की जप्ती किया गया है। आरोपियों को पीड़ित ड्रायवर राजकुमार सोनी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 534/2022 धारा 365, 397 IPC में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की टीम में निरीक्षक शनिप रात्रे थाना प्रभारी चक्रधरनगर, उप निरीक्षक दिनेश बोहिदार, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, हेम प्रकाश सोन, दिलीप भानु, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, विक्कू सिंह ठाकुर, सुशील यादव, श्याम साहू, चुडामणी गुप्ता की प्रमुख भूमिका रही है। आरोपियों से पूछताछ में चोरी के अपराध की जानकारी मिली है, आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड के संबंध में उनके मूल निवास थाने से जानकारी लिया जा रहा है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1- तूफान साहू पिता लिंग राज साहू उम्र 22 वर्ष मूल निवास ग्राम केरा, चक्रधरपुर जिला चाईबासा (झारखंड) हाल मुकाम किरोड़ीमलनगर थाना कोतरारोड रायगढ़

2- विशाल गिरी पिता शशि गिरी उम्र 25 वर्ष मूल निवास ग्राम सकरडीह थाना जलालपुर जिला छपरा (बिहार) हाल मुकाम किरोड़ीमलनगर थाना कोतरारोड रायगढ़

3- लोकेश चक्रधारी पिता केशव चक्रधारी उम्र 26 वर्ष निवासी सिंघनसरा थाना सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.) हाल मुकाम किरोड़ीमलनगर थाना कोतरारोड जिला रायगढ़

4- बबलू यादव पिता वीरेंद्र यादव उम्र 18 वर्ष निवासी फतनपुर थाना गरखा जिला छपरा (बिहार) हाल मुकाम किरोड़ीमलनगर थाना कोतरारोड़ रायगढ़

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत रूचि अनुसार निशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत 14 से 45 वर्ष की आयु सीमाओं के युवाओं को उनकी रूचि एवं योग्यता के अनुसार पंजीकृत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाता (वीटीपी) संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न कोर्स में नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की योजना है। अतएव वे संस्था, सोसायटी, फर्म, प्रतिष्ठान, ट्रस्ट या मान्यता प्राप्त संस्थान जिनके पास शासन द्वारा जारी नवीन गाईडलाईन के अनुसार पर्याप्त अधोसंरचना, मशीन, उपकरण, भवन आदि उपलब्ध है वे अपने संस्थान को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत वीटीपी के रूप में पंजीयन कर कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं। वीटीपी पंजीयन, विभिन्न कोर्स आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://cssda.cg.nic.in तथा सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### रात्रिकालीन डिप्लोमा इंजी. पाठ्यक्रम में 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक संस्था, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के अंतर्गत चार वर्षीय रात्रिकालीन डिप्लोमा इंजी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं सिविल ब्रांच)में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जो दिए गए ब्रांच से संबंधित रोजगार में संलग्न हो वे 10 अक्टूबर 2022 तक आवेदन कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति के छायाप्रति के साथ दो पासपोर्ट फोटो लगाकर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के संबंध संस्था के वेबसाईट http//www.kgpraigarh.ac.in या मोबा. नं.79876-04904 में संपर्क कर सकते है।

### जिले में 1194.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अक्टूबर तक 1194.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1426.1 मिली मीटर, पुसौर में 1496.6, खरसिया में 1168.5, सारंगढ़ में 1357.5, बरमकेला में 1082.4, घरघोड़ा में 934.7, तमनार में 1230.9, लैलूंगा में 1224.2, धरमजयगढ़ में 1118.6, सरिया में 1119.2 एवं छाल में 983.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### तेंदुआ, भालू से बचाव के लिए सावधानियां बरतने की अपील

**कांकेर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में वन्य प्राणी तेंदुआ, भालू इत्यादि के देखे जाने तथा भालुओं द्वारा इंसानों पर हमला की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग द्वारा भालू एवं तेंदुआ से बचने के लिए सावधानियां बरतने की अपील नागरिकों से की गई है। वन विभाग द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि वन्य प्राणी तेंदुआ, भालू के दिखाई देने पर उन्हें घेरने अथवा मारने का प्रयास न किया जाये, बल्कि खुद को सुरक्षित कर लेवें एवं उनसे दूरी बना लें। प्रात:काल एवं शाम के वक्त अंधेरे में बाहर न निकलें। रात में घर से बाहर निकलना आवश्यक हो तो टार्च अथवा मसाल के साथ समूह में निकलें।

## भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन का हुआ आयोजन



**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिक सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस मौके पर रायगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाएं उपस्थित रही। सम्मेलन का संचालन कर्नल आशीष पाण्डेय जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, रायगढ़ ने किया। सम्मेलन के दौरान कर्नल पाण्डेय ने अपर कलेक्टर सुश्री जांगड़े को भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं के कुछ समस्याओं एवं उनकी मांगों के संबंध में अवगत कराया। अपर कलेक्टर ने उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में पूरा सहयोग करने की बात कही। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री जांगड़े ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से तीन लोगों को सहयोग एवं सम्मान राशि के रूप में चेक प्रदान किया। जिसमें अनिता तिवारी को अंत्येष्टि कार्य हेतु 25 हजार रुपये, पुत्री विवाह हेतु द्रुतिया टोप्पो को 51 हजार रुपये तथा सालिक राम को 15 हजार रुपये का सम्मान निधि चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर कल्याण संयोजक बालकिशन, भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष सत्यनारायण प्रधान उपस्थित रहे।

**हेल्थचेकअप एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन-** भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन के अवसर पर सृजन सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हेल्थचेकअप का आयोजन किया गया। जिसमें 48 लोगों का नेत्र एवं 42 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कुछ सैनिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया।

## वाहन लायसेंस के नाम पर पांच-पांच हजार लेकर बोगस पेपर देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**❑ कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़।** दिनांक 02.10.2022 को थाना कोतवाली में ग्राम कलमी, कोतरारोड़ में रहने वाला रूपेश डनसेना पिता अमृत लाल डनसेना उम्र 23 साल धोखाधड़ी का आवेदन देकर कोतरारोड़ में रहने वाले मितेश देवांगन (गोलू) के विरूद्ध लायसेंस के नाम पर इसके और इसके साथियों से 5,000-5,000 रूपये लेकर धोखाधड़ी करने का रिपोर्ट दर्ज कराया था। थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में आज दिनांक 03.10.2022 को मामले के आरोपी को कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर कोतरारोड़ क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड पश्चात जेल दाखिल किया गया है।



धोखाधड़ी के संबंध में रिपोर्टकर्ता रूपेश डनसेना बताया कि कोतरारोड़ मेन रोड स्थित कल्लु पान ठेला वाले कल्लु देवांगन के बेटे मितेथ उर्फ गोलू इसे बताया कि आरटीओ एजेंट है ड्रायविंग लायसेंस या आरटीओ से संबंधित कोई भी कार्य करा सकता है। तब मार्च 2022 में उसे अपना ड्रायविंग लायसेंस बनवाने का बात किया, गोलू लायसेंस बनवाने के लिए एडवांस 5,000 रू मांगा। रूपेश अपने लायसेंस के लिए 5,000 रूपये एडवांस दिया तथा उसके साथी कमलेश यादव, ओम प्रकाश पुरेना व एम.डी. साहब ने लायसेंस बनवाने रु.5,000-रु.5,000 उसी समय मितेश देवांगन उर्फ गोलू को दिये थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब ड्रायविंग लायसेंस का कोई भी प्रोसेस मितेश देवांगन नहीं किया तो उससे पूछताछ किये, वह गोल मोल जवाब देता रहा और एक दिन मितेश आरटीओ कार्यालय से लायसेंस संबंधित एक कागज लाकर दिया था जिसमें किसी भी आरटीओ अधिकारी का सील नहीं था शंका होने पर आरटीओ कार्यालय में पता किया परंतु कार्यालय में उस कागज को नकली बताया गया, तब ठगी का अहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज कराये। आरोपी मितेश देवांगन उर्फ गोलू पिता कल्लु देंवागन उर्फ बब्लू उम्र 27 साल निवासी कल्लु पान ठेला कोतरारोड़ रायगढ़ पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी ने लायसेंस बनाने के नाम पर लिये गये रूपयों को खर्च कर देना बताया जिससे पीड़ितों से लिये ड्क्युमेंट जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, जहां से जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी, विक्रम चौरसिया शामिल थे।

## चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने कलेक्टर ने ली रेलवे अधिकारियों की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट में चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में रेलवे के अधिकारियों की बैठक ली। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू ने रेलवे के अधिकारियों से चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में उनकी ओर से की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के बारे में पूर्व में हुए पत्राचार के आधार पर जानकारी ली। उन्होंने रेलवे डीआरएम से चर्चा करते हुए बताया कि चक्रपथ में केलो नदी के एक किनारे शनि मंदिर की ओर ऊंचाई बढ़ी हुई है वहीं दूसरे किनारे की ऊंचाई नहीं बढ़े होने से यह बारिश के दिनों केलो नदी में जलस्तर बढने से डूब जाता है जिससे शहर का यातायात काफी प्रभावित होता है। अत: इसकी ऊंचाई जल्द बढ़ानी आवश्यक है। डीआरएम ने कहा कि इसके लिए रेलवे के ब्रिज इंजीनियर के साथ नगर निगम के इंजीनियर्स संयुक्त रूप से बैठक कर आवश्यक तकनीकी बिन्दुओं के आधार पर आवश्यक कार्यवाही पूरी करेंगे, जिससे रेलवे की ओर से चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने की अनुमति शीघ्र प्राप्त हो सके। कलेक्टर साहू ने आयुक्त नगर निगम को जल्द इस संबंध में बैठक कर कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश दिए है।



इसके पश्चात कलेक्टर साहू ने मालधक्का रोड पर स्थित रेलवे के अंडर ब्रिज की साफ-सफाई व ड्रेनेज के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज की नियमित सफाई बेहद जरूरी है क्योंकि पर्याप्त सफाई के अभाव में बारिश के दौरान यहां जलभराव हो जाता है। स्ट्रक्चर काफी पुराना होने के कारण इसे सुधारने की आवश्यकता है जिससे अंडर ग्राउण्ड ड्रेनेज की अच्छे से साफ किया जा सके। इसके लिए उन्होंने रेलवे को स्ट्रक्चर को सुधारने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर रेलवे की ओर से असिस्टेंट रेलवे डिवीजनल इंजीनियर विजय कुमार, ईई नगर निगम उपाध्याय सहित रेलवे तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्टेशन का रख-रखाव हो बेहतर, सूखा-गीला कचरा दें अलग से**

कलेक्टर साहू ने रेलवे स्टेशन के रख-रखाव व यात्री सुविधाओं के बारे में भी रेलवे के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रायगढ़ का रेलवे स्टेशन इस रूट का एक प्रमुख स्टेशन है, यहां यात्रियों की काफी आवाजाही होती है। इसको ध्यान में रखते हुए स्टेशन का समुचित रख-रखाव किया जाए व सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने रेलवे स्टेशन से निकलने वाले कचरे के निपटान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सूखा व गीला कचरा अलग-अलग प्रदान करें। इसके लिए न केवल यात्रियों को जागरूक करने का प्रयास स्टेशन पर किया जाए बल्कि कचरे को एसआरएलएम सेंटर भेजने से पहले गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग किया जाए। इसके लिए नगर निगम व रेलवे की एक ज्वाईंट टीम को भी स्टेशन का विजिट करने के निर्देश भी दिए।

## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह : जागरूकता हेतु निकाली गई रैली



**रायगढ़।** प्रदेश में वन्यप्राणी के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में वनमंडल रायगढ़ अंतर्गत गत दिवस 2 अक्टूबर को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत रैली भी निकाली गई। इसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने किया। यह रैली जिला मुख्यालय रायगढ़ के गांधी चौक से वनमंडल कार्यालय तक निकाली गई।

इस संबंध में वनमंडलाधिकारी रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी ने बताया कि रैली में आम नागरिक के अलावा संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि प्रदेश में 2 से 8 अक्टूबर तक प्रत्येक वर्ष वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान लोगों में वन्यप्राणियों के प्रति जागरूकता जानकारी बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-भाषण, निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला, फोटोग्राफी तथा रैली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ वनमंडल अंतर्गत वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु 278 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में गोमर्डा अभ्यारण्य स्थापित है।

## सुकन्या समृद्धि : बेटियों को दें उज्जवल भविष्य की सौगात, 23 दिन की नवजात बालिका का खोला गया सुकन्या खाता

**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर डाक विभाग द्वारा गत दिवस सुकन्या समृद्धि योजना महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षक डाकघर सरजीत सरकार द्वारा किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना महोत्सव 15 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2022 तक पूरे भारत के डाकघरों में मनाया जा रहा है। जिसके तहत 0 से 10 वर्ष तक की सभी पात्र बालिकाओं का सुकन्या खाता खोला जाना है। रायगढ़ संभाग में विशेष अभियान चलाते हुए 30 सितम्बर को 2 हजार से अधिक सुकन्या खाता खोला गया है। इस कार्यक्रम के दौरान केवल 23 दिन की नवजात बालिका का सुकन्या खाता खोलकर पासबुक प्रदान किया गया। जिसमें प्रधान डाकघर रायगढ़ के समस्त पोस्टमेन, रायगढ़ संभाग के समस्त बीपीएम एवं एबीपीएम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



अधीक्षक डाकघर सरजीत सरकार द्वारा प्रधान डाकघर रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में आए हुए पालकों को संबोधित करते हुए डाक विभाग में जमा होने वाली अन्य योजनाओं जैसे आरडी, पीएलआई, आरपीएलआई, पीपीएफ, आईपीपीबी के बारे में बताया गया और उनकी सुकन्या का पासबुक वितरण किया गया। इस दौरान डाक सुविधा का लाभ लेने पहुंचे ग्राहकों को भी सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर शशांक शेखर तिवारी, पंकज पटेल, विकास मेहर, राजकुमार पटेल, रायगढ़ शहर के समस्त पोस्टल स्टाफ एवं भारी संख्या में पालक उपस्थित हुए।

## एसटीपी का पानी लेने उद्योगों से करें अनुबंध -कलेक्टर

**❑ कलेक्टर साहू ने ली नगर निगम, जल संसाधन व उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट में नगर निगम व जल संसाधन के अधिकारियों तथा उद्योग प्रतिनिधियों की एक बैठक सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)से मिलने वाले पानी के उपयोग के संबंध में बैठक ली। बैठक में आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा के साथ एनटीपीसी तथा जिंदल के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि रायगढ़ में बांझीनपाली तथा गोवर्धनपुर में ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किए गए है। यह पानी औद्योगिक कार्यो में उपयोग में लिया जा सकता है। इस संबंध में एनजीटी के गाईड लाईन्स भी है। अत: उद्योग जल्द नगर निगम के साथ अनुबंध कर औद्योगिक उपयोग के लिए एसटीपी का पानी लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ट्रीटमेंट प्लांट के पानी का सही उपयोग होगा बल्कि उद्योगों के लिए भी अपने प्लांट के लिए जरूरी पानी का एक अन्य विकल्प भी मिलेगा। बैठक में ईई सिंचाई फूलेकर, ईई नगर निगम उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



**❑ दूषित पानी नदी में छोड़ने वाले उद्योगों की जानकारी तैयार करने के निर्देश**

कलेक्टर साहू ने नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा को एक ज्वाईंट कमेटी बनाने के लिए कहा जिसका काम सर्वे कर यह जानकारी तैयार करना होगा कि कौन-कौन से उद्योग दूषित पानी सीधे नदी में छोड़ रहे है। जिससे उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। उन्होंने गोवर्धनपुर ट्रीटमेंट प्लांट के पास नदी के दूसरे छोर स्थित संबलपुरी नाले के समीप नदी के पास एक एनीकट स्टॉप डेम की आवश्यकता को देखते हुए उसका स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480